क्रिकेट | स्वर्गीय आर एस त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

# एफ 1, टीआईडब्ल्यूएस और किंग हिटर विजयी



**नवभारत, जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वाधान में खेली जा रही स्वर्गीय आर एस त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में तीन मैच खेले गए। पहले मैच में ए 3 बकार्डी 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9.2 ओवरों में 41 रन बनाए, दूसरी पारी में एफ 1 की टीम ने 4 ओवर में 42 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीत लिया।

दूसरे मैच में ए 4 अनुभाग की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों 84 रन बनाए। दूसरी पारी में टीआईडब्ल्यूएस की टीम ने 9.5 ओवरों में 85 रन बनाकर मैच जीत लिया। तीसरे और अंतिम मैच में बिगबॉस की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। किंग हिटर की टीम ने 10 ओवरों में 87 रन बनाए। मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बिगबॉस की टीम 10 ओवरों में 86 रन ही बना सकी और मैच हार गई। पहले मैच के मैन ऑफ द मैच शिव, दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच राज और तीसरे मैच के मैन ऑफ द मैच शुशील धर रहे। मुख्य अतिथि के रूप में आयुध निर्माणी खमरिया के संजीव सरकार, अजय चौहान, अनिल गुप्ता, अशोक गुप्ता, धृतेश कुमार, रामबाबू मीणा, यज्ञ नारायण तिवारी, अनिल यादव, मनोज पासवान, सुनील मीणा, विपिन चौहान, कुंदन कुमार, मुकेश मुखिया सचिन दुबे उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका निखिल यादव, मुकेश मैडी, भूपेंद्र गोंटिया, जसवंत रावत, सुधीर सिंह ने निभाई। कमेंटेटर के रूप में सुनील खत्री ठाकुर गजेंद्र पाल सिंह रहे। वहीं स्कोरर की भूमिका कुणाल कुंभारे, कमलेश तिवारी ने निभाई।

## पशु चिकित्सालय की लापरवाही उजागर

**शहपुरा नवभारत 14 मई।** शहपुरा स्थित पशु चिकित्सालय की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नगरवासियों ने अस्पताल प्रबंधन और विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही एवं उदासीनता का आरोप लगाया है।

आरोप है कि अस्पताल में इमरजेंसी उपचार के लिए आवश्यक मलहम-पट्टी तक उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण घायल पशुओं को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा। जानकारी के अनुसार, हाल ही में एक घायल पशु को उपचार के लिए शहपुरा पशु चिकित्सालय लाया गया, लेकिन वहां मौजूद डॉक्टर द्वारा यह कह दिया गया कि अस्पताल में ड्रेसिंग के लिए पट्टी उपलब्ध नहीं है। यह सुनकर पशुपालक और नगरवासी हैरान रह गए।

**आपातकालीन स्थिति में पशुओं का कैसे होगा इलाज**-लोगों का कहना है कि जब अस्पताल में प्राथमिक उपचार की मूलभूत सामग्री ही नहीं होगी, तो आपातकालीन स्थिति में पशुओं का इलाज आखिर कैसे किया जाएगा। नगरवासियों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से अस्पताल में मलहम-पट्टी और ड्रेसिंग सामग्री खत्म पड़ी हुई है।

# अरशद खान का इंडिया ए टीम में चयन

▶ आईपीएल में गुजरात टाइटंस का कर रहे प्रतिनिधित्व



**नवभारत, जबलपुर।** संभागीय क्रिकेट संघ के सचिव सुशील रजक द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार सिवनी जिले के अरशद खान का चयन इंडिया ए में किया गया है।

अरशद खान ने 14 वर्ष की आयु से जबलपुर संभाग की टीम मे प्रतिनिधित्व किया। इसके पश्चात वे बालक वर्ग 16, बालक वर्ग 18, पुरुष वर्ग 23 और रणजी ट्रॉफी की टीम मे मध्य प्रदेश टीम में चयनित हुये। लगातार अच्छे प्रदर्शन की वजह से आईपीएल टीम के लिए भी चुना गया। वर्तमान में वे आईपीएल की टीम गुजरात टाइटंस का प्रतिनिधित्व कर रहे है।

### इन्होंने दी बधाई

इस उपलब्धि पर जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के अध्यक्ष निशीथ पटेल, सचिव सुशील रजक, सदस्य धर्मेंद्र पटेल, पवन सिंधिया, मनोज ठाकुर, प्रशांत द्विवेदी, गोपाल दत्त जोशी, विक्रम जनसारी, असद खान, उमाशंकर यादव, किशोर बेन, सुकेश झा ने हर्ष व्यक्त किया।

## 5 वर्षीय दिविशा ने जीते दो स्वर्ण पदक



**नवभारत, जबलपुर।** रायगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में सिविल लाईन स्थित वेब मेमोरियल नर्सरी की 5 वर्षीय दिविशा उपाध्याय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। दिविशा ने सोलो इवेंट एंड ट्रेडिंग स्पर्धा में गोल्ड मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। कम उम्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने सराहना की और प्राचार्य रुपा बैनर्जी ने शुभकामनाएं दीं। अब दिविशा जुलाई माह में नासिक में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पेचक सिलाट प्रतियोगिता की तैयारी कर रही हैं जिसके लिए भी अभ्यास रत है उम्मीद जताई है कि वे वह राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करेंगी।

# जनगणना में नगर परिषद् भेड़ाघाट जिले में रहा अव्वल

▶ कलेक्टर ने किया सम्मानित



**नवभारत, जबलपुर।** नगर परिषद् भेड़ाघाट जनगणना में जिले में अव्वल रहा है। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज जनगणना अधिकारी, नगरपरिषद, भेड़ाघाट विक्रम झारिया एवं उनकी टीम द्वारा मकानों की गणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा के पूर्व 100 प्रतिशत पूर्ण किया गया है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा विक्रम झारिया व उनकी टीम को सम्मानित किया गया है।

जानकारी के अनुसार मकानों की गणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा के पूर्व 100प्रतिशत पूर्ण करने में जनगणना लिपिक ओभी मुखर्जी, पर्यवेक्षक विनय कुमार गर्ग प्रगणक - शिवकुमार प्रधान, फिलिप टोप्पो, महेन्द्र पाण्डेय, अभिषेक मिश्रा, रविनंदन मेहरा, अंजना सिंह राजपूत, श्रुति जैन, संदीप कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर, ब्रजेश पांडेय तकनीकी सहायक, एवं निकाय के सहायक - विजय तिवारी, पवन दाहिया, अंजनी तिवारी, ओमप्रकाश, अंशुल सेन, प्रताप पटेल, नेमचंद यादव द्वारा कुल मिलाकर 15 एचएलबी का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया है।

# दिन का सुकून गया, अब रात की नींद भी ले गई बिजली

▶ भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से लोग बेहाल



**नवभारत, जबलपुर।** शहर में भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती अब लोगों के लिए बड़ी मुसीबतबन चुकी है। रात होते ही कई इलाकों में घंटों बिजली गुल हो जाती है, जिससे लोग उमस, गर्मी और मच्छरों केबीच रात गुजारने को मजबूर हैं। लगातार बाधित हो रही बिजली सप्लाई के कारण लोगों की नींद पूरी नहीं हो पारही और दिनभर थकान व चिड़चिड़ापन बना रहता है। बिजली संकट का सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों औरमरीजों पर दिखाई दे रहा है। छोटे बच्चे गर्मी और घुटन के कारण रातभर सो नहीं पा रहे, वहीं अस्थमा, बीपी औरहृदय रोग से पीड़ित बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

### पढ़ाई करने में हो रही परेशानी

दूसरी ओर परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। कई छात्र मोबाइल की टॉर्च औरमोमबत्ती के सहारे पढ़ाई करने को मजबूर हैं। लंबे समय तक बिजली गुल रहने से इन्वर्टर भी जवाब देने लगे हैं।वहीं रातभर बिजली न होने से पानी की मोटरें बंद रहती हैं, जिसके कारण सुबह कई इलाकों में पानी का संकट भीगहराने लगा है। लगातार बढ़ रही इस समस्या से लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

# क्यूआर कोड स्कैन करते ही मिलेगा टिकट



**नवभारत, जबलपुर।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल द्वारा ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन के माध्यम से टिकट निकालने की प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं सहज बनाया गया है। अब यात्री बिना किसी स्मार्ट कार्ड के, केवल मोबाइल यूपीई भुगतान के माध्यम से स्वयं अपना टिकट निकाल सकते हैं। रेलवे प्रशासन का उद्देश्य यात्रियों को डिजिटल माध्यम अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना, टिकट काउंटरों पर भीड़ कम करना तथा समय की बचत सुनिश्चित करना है। एटीवीएम मशीनों के माध्यम से अनारक्षित टिकट अब कुछ ही मिनटों में आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं। एटीवीएम स्क्रीन पर उपलब्ध अन्य स्टेशन विकल्प पर क्लिक करें। कीबोर्ड के माध्यम से स्टेशन का नाम टाइप करें एवं स्टेशन का चयन करें। यात्रा का विवरण भरें एवं भुगतान विकल्प पर क्लिक करें। स्क्रीन पर प्रदर्शित कोड को स्कैन कर यूपीई के माध्यम से भुगतान करें।



## जबलपुर मंडल के दो स्काउट मास्टर हिमालयन वुड बैज कोर्स में शामिल

**नवभारत, जबलपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी के द्वारा हिमालयन वुड बैज कोर्स फॉर स्काउट मास्टर का आयोजन 13 से 19 मई तक किया जा रहा है। जिसमें जबलपुर रेल मण्डल के मण्डल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) वरुण चतुर्वेदी, मण्डल वणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने, सहा. कार्मिक अधिकारी (कल्याण) सचिपति नंदन, जिला सचिव अनिल चौबे जिला संगठन आयुकत (स्काउट) विमलेश तिवारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) आशीष सोनकर, सयुक्त जिला सचिव संजीव तिवारी के मार्गदर्शन मे जबलपुर मंडल की दो स्काउट मास्टर आशीष चौबे, रजनीश यादव अपनी सहभागिता इस कोर्स मे देंगे। इस वुड बैज कोर्स में बहुत सारी गतिविधियां सिखाई जाती है, जिसे सीख कर स्काउट मास्टर अपने जिले के स्काउट्स और यूनिट लीडर को सिखाते हैं। इस कोर्स में मुख्य पायनियरिंग, फर्स्ट-ऐड, मैपिंग, ओवरनाइट हाइक, लीडरशिप डेवलपमेंट, टीमवर्क इत्यादि शामिल है।

# रात में रिमझिम बारिश से भीगा शहर



फाईल- फोटो

**नवभारत, जबलपुर।** गुरूवार को रात में मौसम ने करवट बदली और रिमझिम बारिश हुई। जिससे वातावरण में घुली तपन गायब हो गई और मौसम सुहाना हो गया। दिन में पारा 43.3 डिग्री पर पहुंच गया था दिन में प्रचण्ड गर्मी ने ने असर दिखाया था। भीषण गर्मी और चिपचिपाती उमस ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए थे। रात में बारिश से गर्मी से थोड़ी राहत मिली। गुरूवार को न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 47 और शाम को 30 प्रतिशत दर्ज की गई। पश्चिमी 4 से 5 किमी की रफ्तार से चली। मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश और संलग्न क्षेत्रों के ऊपर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवातीय परिसंचरण स्थित है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और संलग्न क्षेत्रों के ऊपर माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है। दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और संलग्न पाकिस्तान के ऊपर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है। एक अद्यतन मंद पश्चिमी विक्षोभ के 15 मई, 2026 से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम चल रहा एक के अस्सी का खेल

**अमरपुर नवभारत 14 मई।** अमरपुर जनपद मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों अवैध सट्टा कारोबार तेजी से फैलता नजर आ रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का कहना है कि 'एक का अस्सी' जैसे लालच देकर संचालित किया जा रहा सट्टा बाजार गरीब, मजदूर और निम्न आय वर्ग के लोगों की मेहनत की कमाई को लूटने का माध्यम बनता जा रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभागों द्वारा अब तक इस गंभीर सामाजिक समस्या पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे अवैध कारोबार संचालित करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

**क्षेत्र में कई प्रकार के सट्टा बाजार हैं सक्रिय**-ग्रामीणों के अनुसार अमरपुर क्षेत्र में कई प्रकार के सट्टा बाजार सक्रिय हैं, जिनमें गली, दिसावर, फर्रुखाबाद, राजधानी, गाजियाबाद, कल्याण, मेन कल्याण, मिलन डे और मिलन नाइट जैसे नाम प्रमुख रूप से प्रचलित हैं। बताया जा रहा है कि इन बाजारों में एक रुपये के बदले अस्सी रुपये मिलने का लालच देकर लोगों को दांव लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

**मजदूर व छोटे किसान हो रहे प्रभावित**-शुरुआत में छोटी रकम लगाने वाले लोग धीरे-धीरे अधिक धन लगाने लगते हैं और अंतत: आर्थिक नुकसान उठाते हैं। सबसे अधिक प्रभावित दैनिक मजदूरी करने वाले, छोटे किसान और गरीब परिवार बताए जा रहे हैं, जिनकी सीमित आय का बड़ा हिस्सा इस अवैध जुए में बर्बाद हो रहा है।

**गांव-गांव में कुछ एजेंट सक्रिय हैं**-स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि गांव-गांव में कुछ एजेंट सक्रिय हैं, जो रोजाना पर्ची काटकर सट्टा खिलाते हैं। सुबह और शाम तय समय पर नंबर खुलने की बात कहकर लोगों से रकम वसूली जाती है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

**मैं फरहीन रेहाना, पिता श्री मोहम्मद यूसुफ** निवासी-एमआईजी-16 न्यू आनंद नगर, रजा चौक, अधारताल जिला-जबलपुर (म.प्र.)-482004, यह घोषणा करती हूँ कि मेरा पूर्व नाम फरहीन रेहाना ओवैसी पिता श्री मोहम्मद यूसुफ ओवैसी था। जिसे परिवर्तन कर फरहीन रेहाना पिता मोहम्मद यूसुफ कर दिया गया है तथा मेरे समस्त दस्तावेजों 10 वीं एवं 12 वीं अंकसूची एवं सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड तथा मतदाता पहचान पत्र में मेरा सही नाम फरहीन रेहाना पिता श्री मोहम्मद यूसुफ दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति को संदर्भित करते है। अतः आज दिनांक से सभी आधिकारिक दस्तावेजों सहित सभी उद्देश्यों के लिए मुझे फरहीन रेहाना पिता मोहम्मद यूसुफ के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जावे।

**दिनांक- 14/05/2026,**
**स्थान-जबलपुर (म.प्र.)**

**भवदीय**
**फरहीन रेहाना पिता श्री मोहम्मद यूसुफ**


# 17 लाख 23 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं का उपार्जन

▶ अनियमितता पर कार्यवाही, समस्याओं का निपटारा करें : कलेक्टर

**नवभारत, जबलपुर।** खरीदी केन्द्रों का अचानक निरीक्षण करें, स्टॉक का सत्यापन किया जाएं। अनियमितता या गड़बड़ी पाये जाने पर तुरंत कार्यवाही करों। यह बातें कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने गुरूवार को आयोजित जिला उर्पाजन समिति की बैठक में अधिकारियों से कहीं। इसके साथ ही खरीदी केन्द्रों का नियमित भ्रमण करने व उपार्जन के दौरान किसानों को आने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने बैठक में उपार्जन केन्द्रवार गेहूं की खरीदी, परिवहन, भंडारण एवं बारदानों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए खरीदी केन्द्रों पर किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने की हिदायत अधिकारियों को दी।

बैठक में नोडल अधिकारी उपार्जन एवं संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन तथा जिला उपार्जन समिति से जुड़े सभी अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि जिले में इस वर्ष अभी तक 17 लाख 23 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं का उपार्जन हो चुका है। कलेक्टर सिंह ने किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए उपार्जित गेहूं के स्वीकृति पत्र जारी करने में तेजी लाने के निर्देश देते हुए अधिकारियों कोउन्होंने किसानों से उपार्जति गेहूं के भंडारण में गति लाने पर जोर देते हुए कहा कि यदि किसी खरीदी केन्द्र के गोदाम के जल्दी भरने की संभावना हो तो वहां प्लान-बी के तहत भंडारण की वैकल्पिक व्यवस्था की जाये। श्री सिंह ने खरीदी केन्द्रों की आवश्यकता के अनुरूप बारदानों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

### किसानों को हुआ 237 करोड़ का भुगतान

जिले में अभी तक 25 हजार 604 किसानों से 17 लाख 23 हजार 690 क्विंटल गेहूँ का खरीदी की जा चुकी है। गेहूं खरीदी के एवज में अभी तक किसानों को अभी तक 236 करोड़ 67 लाख रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है। जिले में गेहूँ का उपार्जन 70 खरीदी केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ का विक्रय करने जिले के 50 हजार 788 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया था।

## सड़क सुधार को लेकर ग्रामीणों ने किया हाईवे जाम

**करंजिया, नवभारत।** जनपद पंचायत मुख्यालय करंजिया के पास स्थित ग्राम नदिया टोला के ग्रामीणों ने बुधवार सुबह सड़क की बदहाली से नाराज होकर जबलपुर-अमरकंटक हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। करीब दो घंटे तक हाईवे जाम रहने से दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

क्रमांक- का. सेल / 2026-27/69

दिनांक -13.05.2026 **सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संभाग क्रमांक-15 वार्ड क्रमांक- 72 (दादा ठनठनपाल वार्ड) अंतर्गत मौजा/ग्राम औरिया प.ह.नं. 73 खसरा नंबर 434 कुल रकबा 1.4800 हेक्टेयर में से 1.357534 हेक्टेयर(13575.34 वर्गमीटर)पर आवासीय भूखंडीय(POONAM GREENS)की अनुमति हेतु विकासकर्ता/ कॉलोनाईजर मेसर्स ओन्टल रियलिटी पार्टनर श्री ब्रजेश सोहाने पिता स्व. श्री रमेशचन्द्र सोहाने पता- 941/पी4, कमलाक्ष पेट्रोल पंप के पास, नेपियर टाउन, जबलपुर म.प्र. द्वारा कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यो के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है- बंधक सम्पत्ति का विवरण- भूखंड क्रमांक- 17, 18, 59, 60, 61 कुल 05 नग कुल क्षेत्रफल 600.17 वर्गमीटर। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति/ भूखंडों का क्रय विक्रय कॉलोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं बंधक मुक्ति करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कॉलोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता हैं।

**प्रभारी कालोनी सेल**
**नगर पालिक निगम, जबलपुर**



**पश्चिम मध्य रेल**

ई-निविदा सूचना
संख्या DY-CE-C-KURJ-01R-2026
दिनांक 11/05/2026

उप मुख्य अभियंता/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/खजुराहो भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदायें आमंत्रित करते हैं।, **निविदा सं.**-DY-CE-C-KURJ-01R-2026, **कार्य का नाम लोकशन सहित**- फ्लेश बट बेल्डिंग ऑफ रेल्स बिटबीन खजुराहो टू अजगयढ फाम किमी 146.000 टू किमी -105.000 ऑफ पन्ना-खजुराहो न्यू बी जी रेल लाइन इन कनेक्शन बिद ललितपुर-सिंगरौली न्यू बी जी रेल लाइन प्रोजेक्ट।, **निविदा का अनुमानित मूल्य कीमत (करोड़ में)**- 2.51 करोड, **बयाना राशि रूपये**- 503200.00, **निविदा खुलने तिथि**- 02/06/2026 (15:00 Hrs), **कार्य की समापन अवधि (माह)**।- 24 माह, ई-निविदा का संपूर्ण विवरण वेबसाइट IREPS (www.ireps.gov.in) पर देखा जा सकता है एवं उप मुख्य अभियंता /निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/खजुराहो के कार्यालय के सूचना पट पर भी उपलब्ध है। ई-निविदा के अलावा और कोई निविदा मान्य नहीं है। निविदाकार वेबसाइट को निविदा खुलने की तिथि तक लगातार देखते रहे ताकि यदि कोइ शुध्दिपत्र है तो उसकी जानकारी हो सके।

(हस्ता.)
उपमुख्य अभियंता/ निर्माण
पश्चिम मध्य रेल, खजुराहो

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग, सामान्य वनमंडल खैरागढ़**

**काष्ठागार ठेलकाडीह का ई-ऑक्शन का संक्षिप्त विवरण**

सर्वसूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल खैरागढ़ अधिनस्थ अस्थायी डिपो ठेलकाडीह में उपलब्ध नया एवं पुराना इमारती काष्ठ का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा. इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें. ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल एवं अस्थायी डिपो ठेलकाडीह से प्राप्त की जा सकती हैं.

**नीलाम दिनांक :-** 19/5/2026, **नीलाम समय :-** दोपहर 2 बजे से

| प्रजाति | नया वनोपज (काष्ठ) | | | पुराना वनोपज (काष्ठ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) |
| सागौन | 266.471 | 222 | 3128 | 363.835 | 1223 | 10150 |
| बीजा | 26.656 | 0 | 0 | 168.099 | 147 | 0 |
| साजा | 97.885 | 0 | 0 | 24.498 | 0 | 0 |
| धावड़ा | 17.060 | 0 | 0 | 9.563 | 194 | 0 |
| हल्दू, मुंडी | 47.438 | 0 | 0 | 32.372 | 8 | 0 |
| तिन्सा | 17.789 | 0 | 0 | 22.500 | 0 | 0 |
| शीशम | 0 | 0 | 0 | 0.634 | 0 | 0 |
| खम्हार | 0 | 0 | 0 | 0.865 | 0 | 0 |
| कसही | 9.490 | 0 | 0 | 37.752 | 0 | 0 |
| भिरहा | 7.486 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| घाटा | 2.448 | 0 | 0 | 1.091 | 0 | 0 |
| सलिहा मोदे | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| अन्य | 39.918 | 0 | 0 | 3.410 | 0 | 0 |
| **योग** | **532.641** | **222** | **3128** | **664.619** | **1572** | **10150** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **ठेलकाडीह डिपो के औद्योगिक बांस नया** | | | |
| 1. | औद्योगिक बांस | 2 मी. एवं 1 मी. साइज | 863.975 नो. टन |
| **ठेलकाडीह डिपो के नया जलाऊ चट्टा** | | | |
| 1. | जलाऊ चट्टा | मिश्रित | 07 चट्टा |
| **पिपरिया डिपो के नया जलाऊ चट्टा** | | | |
| 1. | जलाऊ चट्टा | मिश्रित | 15 चट्टा |
| **चंगुर्दा डिपो के नया जलाऊ चट्टा** | | | |
| 1. | जलाऊ चट्टा | मिश्रित | 1264 चट्टा |
| **खैरागढ़ नर्सरी के नया जलाऊ चट्टा** | | | |
| 1. | जलाऊ चट्टा | मिश्रित | 501 चट्टा |
| **साल्हेवारा डिपो के अविक्रीत जलाऊ चट्टा** | | | |
| 1. | जलाऊ चट्टा | मिश्रित | 43 चट्टा |

**टीप :-**

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है.
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राइज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है. सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ईएमडी की राशि जमा करना अनिवार्य है.
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एमएसटीसी ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आईडी से लॉग इन करके देख सकते हैं.
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय करने के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा. उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा.

262700637/6

**वनमंडल अधिकारी, खैरागढ़, वन मंडल खैरागढ़**